प्रेस नोट थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर दिनांक 11.11.2023

हत्या के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध शस्त्र एवं कारतूस बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी खजनी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में उ0नि0 मनीष कुमार त्रिपाठी मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 232/2023 धारा 302/307 भा0द0वि0 से संबंधित अभियुक्त भोला निषाद पुत्र खदेरू निवासी तिरकोनिया नं0 02 थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अदद पिस्टल .32 इंच बोर व एक अदद जिंदा कारतूस .32 इंच बोर बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

अभियुक्त भोला उपरोक्त एक युवती से विवाह करना चाहता था जिसके संबंध में भोला एवं युवती के परिजनों के मध्य करीब डेढ़ वर्षों से वार्ता चल रही थी, किन्तु युवती के पक्ष के लोगों द्वारा भोला के चाल-चलन व बुरी आदतों के कारण विवाह करने को लेकर मदभेद हो गया और युवती के पक्ष द्वारा विवाह करने से मना कर दिया गया। किन्तु इस दौरान भोला एवं युवती की आपस में बातचीत जारी रही। इसी बातचीत को लेकर युवती के दोनों भाइयों एवं भोला के मध्य फोन पर आपस मे कहासुनी भी हुई थी। भोला द्वारा उक्त घटना से क्षुब्ध होकर दिनांक 11.11.2023 की रात्रि के समय अवैध असलहे से ग्राम सुरैना में आकर युवती के घर के बाहर सो रहे दो लोगों पर फायरिंग कर दिया। इस फायरिंग में पड़ोस के लड़के मोनू व युवती के भाई अजीत को गोली लगी और उन दोनों को इलाज हेतु बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान मोनू की मृत्यु हो गयी और अजीत का उपचार चल रहा है, घायल व्यक्ति की स्थिति स्थिर बनी हुई है।

आपराधिक इतिहास-

भोला पुत्र खदेरु निवासी तिरकोनिया नं0 02 थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर

(1)मु0अ0सं0 0038/2023 धारा 504/506 भादवि व 67 आईटी एक्ट थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर

(2)मु0अ0सं0 223/2023 धारा 302/307 व बढोतरी धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट भादवि थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर।

बरामदगी-

एक अदद पिस्टल .32 इंच बोर व एक अदद जिंदा कारतूस .32 इंच बोर

गिरफ्तारी की टीम-

1.थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार मिश्रा थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर

2.उ0नि0 मनीष कुमार त्रिपाठी थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर

3.हे0का0 अशोक कुमार थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर

4.का0 संतोष मौर्या थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर

5.का0 अजय कुमार यादव थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर

6.का0 सचिन कुमार यादव थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर

7.का0 अंखंड प्रताप सिंह थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर

8. श्री मनीष कुमार यादव स्वाट प्रभारी जनपद गोरखपुर

9. हे0का0 राजमंगल सिंह स्वाट टीम गोरखपुर

10. हे0का0 रामइकबाल राव स्वाट टीम गोरखपुर

11. हे0का0 अरुण खरवार स्वाट टीम गोरखपुर

12. हे0का0 रवि चौधरी स्वाट टीम गोरखपुर